# व्यवसाय अध्ययन - 2012

**समय : 3 घण्टे ] कक्षा : 12वीं [ पूर्णांक : 100**

निर्देश- (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

(ii) **प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानिपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(iii) **प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं। खण्ड अ और खण्ड ब।**

(iv) **खण्ड अ में दिये गये प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक शब्द में उत्तर देना तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।**

(v) **खण्ड ब में प्रश्न क्रमांक 6 से 20 में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।**

(vi) **प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर सीमा 75 शब्द।**

(vii) **प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर सीमा 100 शब्द।**

(viii) **प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर सीमा 125 शब्द।**

## खण्ड - अ ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये- 5

(अ) प्रबन्ध............का नौकर है।

(ब) कार्य बदली प्रशिक्षण सबसे अधिक लोकप्रिय..............में है।

(स) समता अंशधारियों को कम्पनी में............का अधिकार होता है।

(द) पूछताछ संबंधी पत्र के प्रत्युत्तर में भेजा जाने वाला पत्र.............पत्र कहलाता है।

(इ) द्वितीयक बाजार को............भी कहते हैं।

प्रश्न 2. सही जोड़ियाँ बनाइए- 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (अ) बजटरी नियंत्रण | (1) दीर्घकालीन वित्त की पूर्ति |
| (ब) मंदी की अवस्था में | (2) आधुनिक नियंत्रण तकनीक |
| (स) वित्तीय प्रबन्धन | (3) व्यवसाय का जीवन रक्त |
| (द) लाभ | (4) अन्य दीर्घकालीन कोष शामिल होते हैं। |
| (इ) प्रबन्धकीय अंकेक्षण | (5) उपक्रम की मजबूती का मापदण्ड |
| | (6) ऋणपत्रों का निर्गमन लाभप्रद |
| | (7) परंपरागत नियंत्रण तकनीक |
| | (8) सामान्य प्रबन्ध का एक भाग |

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 3. एक शब्द में उत्तर लिखिए- 5

(अ) यदि पिता प्रबन्धक है और उसका लड़का भी प्रबन्धक बन जाता है, तो ऐसी प्रतिभा को क्या कहेंगे?

(ब) प्रबन्ध के सिद्धान्त कहाँ-कहाँ लागू होते हैं?

(स) नियोजन में सर्वप्रथम किसका निर्धारण किया जाता है?

(द) प्रतिभूतियों के बाजार का नियमन तथा विकास भारत में किस संस्था द्वारा किया जाता है?

(इ) त्रुटियों तथा कमजोरियों का पता किस प्रक्रिया द्वारा लगाया जाता है?

प्रश्न 4. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिए- 5

(अ) विज्ञापन भर्ती का बाह्य स्रोत है।

(ब) बजट गुणात्मक स्वरूप में व्यक्त किया जाता है।

(स) प्राथमिक बाजार का कोई निश्चित स्थान नहीं होता है।

(द) नियुक्तिकरण प्रबन्ध का उत्तरदायित्व नहीं है।

(इ) परंपरागत प्रबन्ध यंत्रीकरण के विरूद्ध है।

प्रश्न 5. सही विकल्प चुनिए- 5

(अ) पत्र समाप्ति के अन्त में तथा हस्ताक्षर करने के बाद जो बची हुई बात लिखी जाती है उसे कहते हैं-

(1) संदर्भ (2) स्मरणी संदेश

(3) पुनश्च (4) अत्यन्त गोपनीय बात

(ब) नवीन आर्थिक नीति घोषित हुई थी-

(1) जुलाई 1990 में (2) जुलाई 1991 में

(3) अप्रैल 1990 में (4) अप्रैल 1991 में

(स) भारत में उदारीकरण की नीति रही है-

(1) सफल (2) असफल

(3) पूर्णतः असफल (4) इनमें से कोई नहीं

(द) व्यापारिक पत्र व्यवहार स्थानापन्न है-

(1) व्यापारिक लेन-देनों का (2) मानवीय स्मरण शक्ति का

(3) मानवीय संबंधों का (4) ग्राहक सेवा का

(इ) उद्देश्य होने चाहिये-

(1) आदर्श (2) जटिल

(3) व्यावहारिक (4) एकपक्षीय

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

## खण्ड - ब ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

प्रश्न 6. संगठन का महत्त्व चार बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए। 4

**( अथवा )** अनौपचारिक संगठन की किन्हीं चार विशेषताओं को लिखिये।

प्रश्न 7. विकेन्द्रीकरण के कोई चार लाभ लिखिए। 4

**( अथवा )** अधिकार अन्तरण तथा विकेन्द्रीकरण में चार भेद बताइए।

प्रश्न 8. धनात्मक तथा ऋणात्मक अभिप्रेरण में चार अन्तर बताइये। 4

**( अथवा )** मौद्रिक तथा अमोद्रिक अभिप्रेरणाओं में चार अन्तर बताइये।

प्रश्न 9. एक उत्तम नेता के चार गुण लिखिए। 4

**( अथवा )** अभिप्रेरण के चार उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 10. वित्तीय प्रबन्ध के किन्हीं चार उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। 4

**( अथवा )** स्थायी पूँजी की मात्रा को प्रभावित करने वाले चार घटकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। **http://www.mpboardonline.com**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 11. नियोजन के पाँच उद्देश्य लिखिए। 5

**( अथवा )** नियोजन की किन्हीं पाँच सीमाओं को समझाइए।

प्रश्न 12. भर्ती और चयन में पाँच अन्तर बताइए। 5

**( अथवा )** प्रशिक्षण की पाँच विभिन्न विधियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13. नियंत्रण की पाँच विशिष्ट विधियों का वर्णन कीजिए। 5

**( अथवा )** नियंत्रण के महत्व के किन्हीं पाँच बिन्दुओं को समझाइए।

प्रश्न 14. प्राथमिक बाजार एवं द्वितीयक बाजार में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई पाँच) 5

**( अथवा )** स्कंध विपणि के पाँच कार्यों को समझाइए।

प्रश्न 15. मैं. गर्ग कम्प्यूटर, अग्रसेन कालोनी, श्योपुर की ओर से मै. दीपक कम्प्यूटर, टोडी बाजार, ग्वालियर को कम्प्यूटर सामग्री खरीदने हेतु एक आदेश पत्र लिखिए। 5

**( अथवा )** "व्यापारिक-पत्र व्यापार की आत्मा है।" इस कथन को समझाइए।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 16. प्रबन्ध, प्रशासन एवं संगठन में छः अन्तर बताइए। 6

**( अथवा )** प्रबन्ध के छः सामाजिक उत्तरदायित्वों की विवेचना कीजिए।

प्रश्न 17. हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित प्रबन्ध के छः सिद्धांतों को समझाइए। 6

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(**अथवा**) फेयोल तथा टेलर द्वारा दिए गए प्रबन्ध के सिद्धान्तों का छः विन्दुओं में तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।

प्रश्न 18. बदलते व्यावसायिक परिवेश में प्रबंधकीय प्रतिक्रियाओं को समझाइए। (केवल 6 बिन्दुओं में) 6

(**अथवा**) व्यावसायिक परिवेश का महत्व छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. विज्ञापन के माध्यम के चुनाव को प्रभावित करने वाले छः घटकों को समझाइए। 6

(**अथवा**) मूल्य निर्धारण को प्रभावित करने वाले घटकों को समझाइए। (कोई 6)

प्रश्न 20. उपभोक्ता संरक्षण के छः महत्वों को समझाइए। 6

(**अथवा**) उपभोक्ता के छः अधिकारों का वर्णन कीजिए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

**http://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Your old paper & get 10/-**
**पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**